पत्रांक 1643 /XL
XL(विविध)–57/2016

पुलिस महानिदेशक का कार्यालय, बिहार, पटना।

प्रेषक,

पुलिस महानिरीक्षक(अभियान)
बिहार, पटना।

सेवा में,

सभी वरीय पुलिस अधीक्षक,
सभी पुलिस अधीक्षक (रेल सहित)

पटना, दिनांक :– 1-3-2016

प्रसंगः– प्रधान सचिव, निबंधक, उत्पाद एवं मद्यनिषेद्य विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–538,दिनांक– 04.02.2016.

विषयः– **नई उत्पाद नीति के तहत पुलिस द्वारा की गई छापेमारी की कार्रवाई के संबंध में प्रतिदिन विवरणी पुलिस महानिदेशक नियंत्रण कक्ष को भेजने के संबंध में।**

निदेशानुसार, उपर्युक्त प्रसंग एवं विषय के संबंध में कहना है कि नई उत्पाद नीति 2015 के संबंध में प्रधान सचिव, निबंधक, उत्पाद एवं मद्यनिषेद्य विभाग, बिहार, पटना ने अपने पत्रांक–11/नई उत्पाद नीति–01–01/2016–538 दिनांक–04.02.20016 के माध्यम से पुलिस विभाग द्वारा स्वतंत्र रूप से बिना उत्पाद विभाग के पदाधिकारियों को सम्मिलित किये की गई छापेमारी की कार्रवाई के संबंध में प्रतिदिन की विवरणी प्रतिवेदन की मांग की गई है। (सुलभ प्रसंग हेतु छायाप्रति संलग्न)

अतः उपरोक्त के आलोक में आप सभी को निर्देश दिया जाता है कि दिनांक–01.03.2016 से अपने–अपने जिलों के (i) उत्पाद विभाग के पदाधिकारी के बिना स्वतंत्र रूप से की गई पुलिस छापेमारी का प्रतिवेदन संलग्न विहित प्रपत्र–1 में तथा (ii) उत्पाद विभाग के पदाधिकारी के साथ की गई पुलिस छापेमारी का एक प्रतिवेदन संलग्न विहित प्रपत्र–2 में प्रतिदिन का अद्यतन प्रतिवेदन/ आंकड़ा पुलिस महानिदेशक नियंत्रण कक्ष के ई–मेल–**dgpcr.pat-bih@gov.in** एवं **FAX No. 2230033, 2215084** एवं **2207208** पर प्रतिदिन **10.00 बजे** पूर्वाहन के पूर्व निश्चित रूप से उपलब्ध कराया जाय। साथ ही प्रतिवेदन देते वक्त इस बात का विशेष ध्यान रखा जाय की आंकड़ों का Duplication नहीं हो तथा दोनो प्रतिवेदन अलग–अलग विहित प्रपत्र में उपलब्ध कराया जाय।

यह प्रतिवेदन भेजने की प्रक्रिया 01 मार्च 2016 से प्रारंभ किया जाय ताकि प्रतिदिन छापेमारी का प्रतिवेदन/आंकड़ा निबंधन उत्पाद एवं मद्य निषेद्य विभाग, बिहार, पटना के कंट्रोल रूम को उपलब्ध कराया जा सके।

अनु0–सहित।

1.3

पुलिस महानिरीक्षक(अभियान)
बिहार, पटना।

प्रतिलिपि :–

1. प्रभारी पदाधिकारी, पुलिस महानिदेशक नियंत्रण कक्ष, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक क्रियार्थ प्रेषित।

   आपको निर्देश दिया जाता है कि सभी जिलों/रेल से विषयांकित मामलो में प्राप्त प्रतिदिन के प्रतिवेदन जो केवल उत्पाद विभाग के पदाधिकारी के बिना स्वतंत्र रूप से की गई पुलिस छापेमारी का प्रतिवेदन ही (जिलो का आंकड़ा एवं रेल पुलिस का आंकड़ा अलग–अलग

प्रपत्र–1

पुलिस विभाग द्वारा अवैध शराब का निर्माण एवं बिक्री के विरूद्ध दिनांक.............................
को किए गए छापामारी से संबंधित प्रतिवेदन का प्रपत्र

....

जिला का नाम	कुल छापेमारी	कुल दर्ज अभियोग	कुल गिरफ्तार व्यक्तियों की संख्या	जेल हाजत भेजे गये व्यक्तियों की संख्या	जप्त प्रदर्श				अन्य
					अवैध देशी (ली0में)	अवैध विदेशी (ली0में)	अवैध जावा महुआ (क्वीं0में)	अवैध सुषव (ली0 में)	
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10

नोटः– सभी प्रतिवेदित मामले पुलिस पदाधिकारियों द्वारा स्वतंत्र रूप से (बिना उत्पाद विभाग के कर्मियों के सहयोग के) किया गया है।

प्राधिकृत पदाधिकारी का हस्ताक्षर

प्रपत्र–2

पुलिस विभाग द्वारा अवैध शराब का निर्माण एवं बिक्री के विरूद्ध दिनांक.............................
को किए गए छापामारी से संबंधित प्रतिवेदन का प्रपत्र

....

जिला का नाम	कुल छापेमारी	कुल दर्ज अभियोग	कुल गिरफ्तार व्यक्तियों की संख्या	जेल हाजत भेजे गये व्यक्तियों की संख्या	जप्त प्रदर्श				अन्य
					अवैध देशी (ली0में)	अवैध विदेशी (ली0में)	अवैध जावा महुआ (क्वीं0में)	अवैध सुषव (ली0 में)	
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10

नोटः– सभी प्रतिवेदित मामले पुलिस पदाधिकारियों द्वारा उत्पाद विभाग के कर्मियों के सहयोग से किया गया है।

प्राधिकृत पदाधिकारी का हस्ताक्षर

कर) निबंधन उत्पाद एवं मद्य निषेद्य विभाग के नियंत्रण कक्ष को प्रतिदिन उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय।

निबंधन उत्पाद एवं मद्य निषेद्य विभाग, बिहार, पटना के नियंत्रण कक्ष की विवरणी–
पदाधिकारी का नाम– श्री उमाशंकर प्रसाद, उत्पाद निरीक्षक
दूरभाष संख्या–0612–2215194/0612–2215195/0612–2215196 (सभी टॉल फ्री)
फैक्स संख्या–0612–2205871
ई–मेल–excisecontrolroom@gmail.com

2. सभी प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक (रेल सहित)/सभी क्षेत्रीय पुलिस उप–महानिरीक्षक (रेल सहित) को सूचनार्थ एवं आवश्यक क्रियार्थ प्रेषित।

आप सभी को निर्देश दिया जाता है कि अपने–अपने प्रक्षेत्र/क्षेत्र से संबंधित पुलिस अधीक्षकों से उपरोक्त आदेश का ससमय अनुपालन सुनिश्चित कराया जाय।

1.3

पुलिस महानिरीक्षक(अभियान)
बिहार, पटना।

ज्ञापांक................../XL
XL(विविध)–57/2016

पुलिस महानिदेशक का कार्यालय, बिहार, पटना।

दिनांक...............

प्रधान सचिव, निबंधन उत्पाद एवं मद्य निषेद्य विभाग, बिहार, पटना को पत्रांक–538 दिनांक–04.02.2016 के आलोक में कृपया सूचनार्थ प्रेषित।

1.3

पुलिस महानिरीक्षक(अभियान)
बिहार, पटना।